हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 13 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी-एनटीए ने 21 जून को होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा की परीक्षा अवधि को 15 मिनट बढ़ाकर 195 मिनट का कर दिया है। यह परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक होगी। एजेंसी ने कहा कि एनटीए यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि नीट यूजी परीक्षा निष्पक्ष, सुरक्षित और उम्मीदवारों की आवश्यकताओं के अनुरूप आयोजित की जाए।

सरकार ने ऑनलाइन प्रसारित हो रहे एक फर्जी वीडियो का खंडन किया है, जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन को एक निवेश प्लेटफॉर्म का प्रचार करते हुए दिखाया गया है। वीडियो में 22 हजार रुपये के निवेश पर प्रतिदिन 80 हजार रुपये और प्रति माह 24 लाख रुपये तक के रिटर्न का दावा किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच ईकाई ने बताया कि यह वीडियो फर्जी है।

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता वाली वितरण सुधार समिति ने संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 912 करोड़ 70 लाख रुपये के अतिरिक्त बिजली अवसंरचना कार्यों को मंजूरी प्रदान की है। ताकि हरियाणा में बिजली क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाया जा सके।

समिति ने प्रस्ताव को संशोधित वितरण क्षेत्र योजना की निगरान समिति के विचार एवं अनुमोदन हेतु ऊर्जा वित्त निगम तथा ऊर्जा मंत्रालय को भेजने की भी स्वीकृति दी है।

मुख्य सचिव ने सभी स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे प्रदेशभर के उपभोक्ताओं को अधिक मजबूत, विशिष्ट और विश्वसनीय बिजली वितरण नेटवर्क का लाभ मिलेगा।

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने राज्य भर के सभी सिविल सर्जन और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आगामी मानसून सीजन से पहले व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को पौधारोपण में बारहमासी स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता देने को कहा गया है, जिसमें घनी छाया वाले और सजावटी पेड़ शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और मरीजों, आगंतुकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों के लिए अधिक स्वस्थ माहौल तैयार करना है।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि मानसून के आगमन के साथ ही पौधे जीवित रहने की उच्च दर के कारण वृक्षारोपण गतिविधियों के लिए स्थितियां आदर्श हो जाती हैं।

विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक जिले में इस मानसून वृक्षारोपण अभियान के दौरान उपयुक्त प्रजातियों के कम से कम 1,000 पौधे लगाये जाएंगे और अभियान पूरा होने पर अनुपालन रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के गांव बाबकपुर के युवा और उच्च शिक्षित किसान विक्रमजीत सिंह ने मैदानी इलाके में सेब की खेती कर रहे हैं। कंप्यूटर इंजीनियरिंग में एम.टेक विक्रमजीत सिंह ने नौकरी छोड़ कर खेती मशुरू की। पर उन्होंने पारंपरिक खेती की जगह बागवानी को अपनाया और आज वे डेढ़ एकड़ में सेब के साथ-साथ करीब 8 एकड़ में अमरूद, लीची और नाशपाती की खेती कर लाखों कमा रहे हैं।

विक्रमजीत ने बताया

उन्होंने बताया कि इस सीजन में उन्हें एक एकड़ में लगे सेब से करीब अढ़ाई लाख रुपए की कमाई की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि सिंचाई के लिए वे सूक्ष्म सिंचाई का इस्तेमाल करते हैं। विक्रमाजीत के पिता गुरमीत सिंह बताते हैं कि उनका परिवार पीढ़ियों से गेहूं-धान की खेती में रिकॉर्ड उत्पादन ले रहा था, लेकिन बेटे की इस नई पहल ने मुनाफे को बढ़ा दिया है।

गुजरात के अहमदाबाद में चार जून से आठ जून तक आयोजित प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में हिसार निवासी मधु वर्मा ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में 78 देशों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। मधु को वरिष्ठ आयु समूह में ट्विस्टिंग बॉडी इवेंट में स्वर्ण पदक मिला।

सुश्री मधु ने योग को खेलों में शामिल कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।